# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

24 मार्च 2026
मंगलवार




इंटर रिजल्ट में डुमरांव के छात्रों का रहा जलवा एसओई कॉमर्स क्लासेज ने फिर लहराया परचम

2



## एक नजर

### मोदी 100 फीसदी ट्रम्प के कंट्रोल में हैं : राहुल

**वडोदरा।** राहुल गांधी ने सोमवार को वडोदरा में कहा कि प्रधानमंत्री ने लोकसभा में 25 मिनट का भाषण दिया है लेकिन अमेरिका के खिलाफ एक शब्द नहीं बोला। मोदी 100ः ट्रम्प के कंट्रोल में हैं। मोदी पार्लियामेंट में डिबेट नहीं कर सकते, क्योंकि कम्प्रोमाइज्ड हैं। अमेरिका में अडाणी पर जो केस है असल में वो नरेंद्र मोदी को धमकाने के लिए है। अमेरिका का नरेंद्र मोदी को सीधा मैसेज है कि ज्यादा ऊटपटांग हरकत की तो समझ लेना। ट्रम्प ने साफ कहा है कि मैं मोदी का करियर खत्म कर सकता हूं। नरेंद्र मोदी ने ट्रम्प से कहा कि हम आपसे पूछे बिना किसी से तेल और नेचुरल गैस नहीं खरीदेंगे। अगर ट्रम्प कहेंगे कि रूस, ईरान, वेनेजुएला से तेल नहीं खरीदना है तो नहीं खरीदेंगे। आप जो हुक्म करेंगे, हम वही करेंगे। राहुल ने वडोदरा में आदिवासी अधिकार संवादश कार्यक्रम में कहा कि आदिवासी का मतलब है कि हिंदुस्तान के असली मालिक। यहां की जल-जंगल-जमीन आपकी है। ट्रम्प कहता है कि भारत-पाकिस्तान का युद्ध उसने रुकवाया। ट्रम्प ने हमारी सेना का अपमान किया।

### तपती जलवायु, घटती वर्षा और भूजल दोहन ने बढ़ाई चुनौती

**नई दिल्ली।** भारत में सूखे का खतरा तेजी से बढ़ रहा है। इसका सबसे गंभीर असर गंगा के मैदानी क्षेत्र (आईजीपी) और पूर्वोत्तर भारत में देखा जा रहा है। हालिया वैज्ञानिक अध्ययनों के अनुसार कमजोर मानसून, बढ़ते तापमान और भूजल के अत्यधिक दोहन ने देश में जल संकट को एक नए और खतरनाक स्तर पर पहुंचा दिया है। जर्नल क्लाइमेट चेंज में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार भारत के छह प्रमुख क्षेत्रों पश्चिमी, केंद्रीय, हिमालयी, आईजीपी, प्रायद्वीपीय और उत्तर-पूर्वी भारत में सूखे और हाइड्रो-क्लाइमेटिक अस्थिरता में स्पष्ट वृद्धि दर्ज की गई है। एसपीईआई, एसएलए और एनसीएस जैसे सूखा मापने के संकेतकों से पता चलता है कि देश में शुष्कता तेजी से बढ़ रही है और जलवायु के नए असामान्य पैटर्न बन रहे हैं। आईजीपी (-0.47) और उत्तर-पूर्व (-0.41) में एसपीईआई मान सबसे अधिक गिरावट दर्शाते हैं, जो गंभीर सूखे का संकेत हैं।

# पश्चिम एशिया संकट का भारत पर नहीं पड़ेगा असर : पीएम मोदी

- पूरी दुनिया इस संकट के जल्द से जल्द समाधान के लिए सभी पक्षों से आग्रह भी कर रही है
- एक करोड़ भारतीय खाड़ी देशों में रहते हैं और काम करते हैं। वहां समुद्र में जो वाणिज्यिक शिप चलते हैं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पश्चिम एशिया में जारी जंग के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि बीत दो तीन हफ्तों में जयशंकर जी ने और हरदीप पुरी जी ने सदन को जानकारी दी है। इसका पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था पर और लोगों के जीवन पर विपरीत असर हो रहा है। न्होंने कहा कि युद्ध से प्रभावित देशों के साथ भारत के व्यापक व्यापारिक रिश्ते हैं। जिस क्षेत्र में युद्ध हो रहा है, वह दुनिया के दूसरे देशों के साथ हमारे व्यापार का भी एक अहम रास्ता है। खासकर कच्चे तेल और गैस की जरूरतों का बड़ा हिस्सा यही क्षेत्र पूरा करता है। हमारे लिए यह क्षेत्र एक और कारण से भी अहम है। लगभग एक करोड़ भारतीय खाड़ी देशों में रहते हैं और काम करते हैं। वहां समुद्र में जो वाणिज्यिक शिप चलते हैं, उनमें भारतीय क्रू मेंबर्स की संख्या काफी ज्यादा है। इन कारणों की वजह से भारत की चिंताएं अधिक हैं। यह आवश्यक है कि भारत की संसद से इस संकट को लेकर एकमत और एकजुट आवाज दुनिया में जाए। उन्होंने कहा कि जबसे यह युद्ध शुरू हुआ है, तबसे ही प्रभावित देशों में भारतीयों को जरूरी मदद दी जा रही है। मैंने पश्चिम एशिया के ज्यादातर राष्ट्राध्यक्षों से दो राउंड फोन पर बात की है। सभी ने भारतीयों की सुरक्षा का आश्वासन दिया है।

### खाड़ी देशों में हजारों भारतीय विद्यार्थी पढ़ते हैं

पीएम ने बताया कि इनमें 700 से अधिक मेडिकल की पढ़ाई करने वाले युवा हैं। खाड़ी में हजारों भारतीय विद्यार्थी पढ़ते हैं। सीबीएसई ने इन स्कूलों में 10वीं और 12वीं की परीक्षा को रद्द कर दिया। सीबीएसई इन स्कूलों में बच्चों की निर्बाध पढ़ाई जारी रखने के लिए तत्काल कदम उठा रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम सभी जानते हैं कि देश अपनी जरूरत की 60 फीसदी एलपीजी आयात करता है। इसकी सप्लाई में अनिश्चितता के कारण सरकार ने इसके घरेलू उत्पादन को प्राथमिकता दी है। साथ ही इसके देश में उत्पादन को बढ़ाया जा रहा है। पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति लगातार बरकरार रखने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने बताया कि पहले भारत में 27 देशों से कच्चे तेल और गैस का आयात किया जाता था। अब भारत 41 देशों से ऊर्जा जरूरतों का आयात किया जाता है। भारत ने कच्चे तेल के भंडारण को भी प्राथमिकता दी है। आज भारत के पास 53 लाख मीट्रिक टन का स्ट्रैटिजिक रिजर्व है और 65 लाख मीट्रिक टन के रिजर्व पर काम किया जा रहा है।

# चुनाव आयोग के पत्र पर भाजपा की मुहर से बवाल

**एजेंसी। तिरुवनंतपुरम**

चुनाव आयोग के एक पुराने पत्र पर भाजपा केरल की मुहर पाए जाने के बाद सियासी विवाद खड़ा हो गया है। इस मामले ने चुनावी निष्पक्षता को लेकर नए सवाल खड़े कर दिए हैं। विपक्षी दलों ने इसे गंभीर चूक बताते हुए चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाए हैं, जबकि आयोग ने इसे सिर्फ क्लेरिकल एरर यानी लेखन की गलती कहकर तुरंत सुधार करने की बात कही है। यह विवाद तब सामने आया जब सीपीआईएम ने सोशल मीडिया पर एक दस्तावेज साझा किया, जिसमें 19 मार्च 2019 के चुनाव आयोग के पत्र के साथ लगे हलफनामे पर भाजपा केरल की मुहर दिखाई दी। इस पर कांग्रेस और सीपीआईएम ने तीखी प्रतिक्रिया दी। चुनाव आयोग के केरल कार्यालय ने सफाई देते हुए कहा कि यह गलती अनजाने में हुई और इसे तुरंत ठीक कर लिया गया है। यह मामला 2019 के एक आधिकारिक पत्र से जुड़ा है, जो राजनीतिक दलों को भेजा गया था। सीपीआईएम ने दावा किया कि इस पत्र के साथ जो दस्तावेज भेजा गया, उस पर चुनाव आयोग की बजाय भाजपा की मुहर थी। पार्टी ने कहा कि यह दस्तावेज कई दलों को मिला और इसकी पुष्टि भी की गई।

## आप सांसद ने संसद में उठाया मोबाइल यूजर्स से जुड़ा मुद्दा

# पैसा पूरा तो डेटा आधी रात तक ही क्यों : राघव चड्ढा



- अनयूज्ड डेटा की वैल्यू को अगले रिचार्ज में समायोजित एडजस्ट कर सके

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने एक बार फिर संसद में मोबाइल फोन यूजर्स से जुड़ा मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि जब भी कोई यूजर मोबाइल फोन रीचार्ज कराता है तो उसे उसके प्लान के अनुसार डेटा मिलता है। हालांकि, यह डेटा रात बारह बजे समाप्त हो जाता है। राज्यसभा में अपनी बात रखते हुए राघव चड्ढा ने कहा कि उपभोक्ता से पैसा पूरा लिया जाता है लेकिन रात बारह बजे तक बचा हुआ डेटा दिन खत्म होने के साथ ही समाप्त हो जाता है। यह अनुपयुक्त डेटा हमें अगले दिन नहीं मिलता जबकि यह हमारी मेहनत के पैसों से खरीदा जाता है। ऐसे में उन्होंने उच्च सदन में तीन मांगों का जिक्र किया। सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि जब कोई यूजर अपना मोबाइल रिचार्ज कराता है, तो उसे उसके प्लान के अनुसार प्रतिदिन 1.5 जीबी, 2 जीबी या 3 जीबी डेटा मिलता है। लेकिन यह डेटा ह्यडेली लिमिटह्न के रूप में होता है, जो हर दिन रात 12 बजे समाप्त हो जाता है। यदि उस दिन का पूरा डेटा उपयोग नहीं हुआ, तो बचा हुआ डेटा स्वतः समाप्त (फॉरफिट) हो जाता है और अगले दिन के लिए कैरी फॉरवर्ड नहीं किया जाता। राज्यसभा में बोलते हुए राघव चड्ढा ने सवाल उठाया कि जब उपभोक्ता पूरे डेटा का पैसा देता है, तो उसे पूरा डेटा उपयोग करने का अधिकार क्यों नहीं मिलता। इस व्यवस्था को उन्होंने एक उदाहरण से समझाया। उन्होंने कहा, अगर किसी व्यक्ति ने महीने की शुरूआत में अपनी गाड़ी में 20 लीटर पेट्रोल भरवाया और महीने के अंत तक केवल 15 लीटर ही उपयोग हुआ, तो क्या पेट्रोल पंप वाला बचा हुआ 5 लीटर वापस ले लेगा।

### सांसद ने दिया गाड़ी में पेट्रोल डलवाने का उदाहरण

आप सांसद बोले- इसका जवाब है, नहीं, क्योंकि उपभोक्ता ने पूरे 20 लीटर का भुगतान किया है। ठीक उसी प्रकार, मोबाइल डेटा भी उपभोक्ता का अधिकार होना चाहिए और उसे समाप्त नहीं किया जाना चाहिए। ये हमारे मेहनत के पैसे से खरीदा गया डेटा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि टेलीकॉम कंपनियां जानबूझकर डेली डेटा लिमिट वाले प्लान को बढ़ावा देती हैं। राघव चड्ढा ने कहा कि यूजर्स को मंथली डेटा लिमिट वाले प्लान कम उपलब्ध कराए जाते हैं। उनका तर्क था कि अगर मासिक डेटा लिमिट हो, तो उपभोक्ता पूरे महीने में अपनी सुविधा के अनुसार अधिकतम डेटा उपयोग कर सकता है, जिससे कंपनियों को कम फायदा होता है। यही कारण है कि कंपनियां दैनिक डेटा लिमिट वाले प्लान को प्राथमिकता देती हैं। राघव चड्ढा ने कहा कि आज इंटरनेट केवल मनोरंजन का साधन नहीं रह गया है, बल्कि यह जीवन का एक अनिवार्य हिस्सा बन चुका है। उन्होंने इसे डिजिटल ऑक्सीजन बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा, कामकाज, बैंकिंग और संचार लगभग हर क्षेत्र में इंटरनेट की आवश्यकता है। ऐसे में रोजाना लाखों जीबी डेटा का यूज न होने के बावजूद समाप्त हो जाना एक गंभीर चिंता का विषय है।

# प्रयागराज में पूर्व मंत्री का कोल्ड स्टोरेज ढहा, चार लोगों की मौत

**एजेंसी। प्रयागराज**



यूपी के प्रयागराज के फाफामऊ क्षेत्र के चंदापुर में हुआ कोल्ड स्टोरेज हादसा कई सवाल खड़े कर गया है- आखिर इतनी बड़ी लापरवाही किसकी थी, जिसने चार मजदूरों की जान ले ली और कई को जिंदगी-मौत के बीच झूलने पर मजबूर कर दियो प्रयागराज-लखनऊ हाईवे पर स्थित सपा नेता और पूर्व मंत्री अंसार अहमद के कोल्ड स्टोरेज में अचानक जोरदार धमाका हुआ। शुरूआती जानकारी के मुताबिक, अमोनिया गैस टैंक फटने से पूरी इमारत पल भर में धराशायी हो गई। धमाका इतना भीषण था कि आसपास के लोग दहशत में आ गए और पूरे इलाके में अफरातफरी मच गई। हादसे के वक्त कोल्ड स्टोरेज में डेढ़ दर्जन से ज्यादा मजदूर मौजूद थे। धमाके के बाद सभी मलबे में दब गए। रेस्क्यू टीमों ने कड़ी मशक्कत के बाद मजदूरों को बाहर निकाला। अब तक चार मजदूरों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि छह की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है। मृतक सभी मजदूर बिहार के सहरसा जिले के बताए जा रहे हैं, जिनमें एक की पहचान ज्योतिष के रूप में हुई है। यह कोल्ड स्टोरेज समाजवादी पार्टी के नेता और पूर्व मंत्री अंसार अहमद का बताया जा रहा है। हादसे के बाद पुलिस ने उनके परिवार के कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। अब जांच का फोकस इस बात पर है कि क्या सुरक्षा मानकों में लापरवाही बरती गई थी हादसे के बाद जिले की सभी एंबुलेंस को मौके पर लगाया गया। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी रहीं। दर्जन भर से अधिक जेसीबी मशीनों से मलबा हटाकर दबे लोगों की तलाश की गई। गैस रिसाव के चलते बचाव कार्य में भी दिक्कतें आईं। घायलों को तत्काल एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# कोलंबिया में सैन्य विमान दुर्घटनाग्रस्त 100 से अधिक लोग थे सवार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कोलंबिया में सोमवार को एक सैन्य विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस विमान में 100 से अधिक लोग सवार थे, जिससे बड़ी संख्या में लोगों के हताहत होने की आशंका जताई जा रही है ।कोलंबिया के रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि देश के दक्षिणी हिस्से में लॉकहीड मार्टिन का एक हरक्यूलिस उ-130 विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। स्थानीय मीडिया आउटलेट 'ब्लूरेडियो' ने रिपोर्ट दी है कि विमान में 110 सैनिक सवार थे ।एक आधिकारिक बयान में रक्षा मंत्री पेड्रो सांचेज ने बताया कि पीड़ितों की सटीक संख्या और दुर्घटना के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। उन्होंने कहा, "गहरे दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी कोलंबियाई वायुसेना का हरक्यूलिस विमान उड़ान भरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया।"यह हादसा उस वक्त हुआ जब देश की वायुसेना का हरक्यूलिस उ-130 विमान दक्षिणी अमेजॅन क्षेत्र में पेरू की सीमा पर स्थित प्यूर्टो लेगुइजामो से उड़ान भर रहा था और सशस्त्र बलों के सैनिकों को ले जा रहा था। पेड्रो सांचेज ने बताया कि सैन्य टीमें तत्काल मौके पर पहुंच गई हैं, लेकिन अभी तक हादसे के कारणों की पुष्टि नहीं हो पाई है।







स्नेहा कुमारी बनी जिला टॉपर, रिमझिम ने हासिल किया दूसरा स्थान, कई छात्रों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक लाकर बढ़ाया मान

# इंटर रिजल्ट में डुमरांव के छात्रों का रहा जलवा एसओई कॉमर्स क्लासेज ने फिर लहराया परचम



**केटी न्यूज/डुमरांव**

बिहार बोर्ड इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम घोषित होते ही डुमरांव में सफलता की खुशियां छा गईं। इस वर्ष भी नगर के एसओई कॉमर्स क्लासेज के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। डुमरांव के जंगल बाजार निवासी संतोष केसरी की पुत्री स्नेहा कुमारी ने 461 अंक प्राप्त कर पूरे जिले में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं गिरधारी सिंह की पुत्री रिमझिम कुमारी ने 454 अंक लाकर दूसरा स्थान प्राप्त करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया। इन दोनों छात्राओं की सफलता से न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे नगर में गर्व का माहौल है। इसी क्रम में दैनिक जागरण के वरिष्ठ पत्रकार अनिल कुमार ओझा की पुत्री अर्पिता जया ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नगर में चौथा स्थान हासिल किया। इसके अलावा संस्था के कई अन्य विद्यार्थियों ने भी 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इनमें अनुष्का केसरी (412), स्मृति कुमारी (410), अनुष्का कुमारी (407), आलोक तिवारी (404), बबली कुमारी (402), प्रीति कुमारी (398), नीरज कुमार (389), रोहित कुमार राय (380) और रोशन सिंह (379) सहित अनेक छात्र-छात्राएं शामिल हैं। सभी की सफलता ने संस्था के बेहतर शैक्षणिक माहौल और गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन को साबित किया है। संस्था के निदेशक डॉ. अभिषेक कुमार ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम छात्रों की मेहनत और शिक्षकों के समर्पण का परिणाम है। शिक्षक दीपक गुप्ता और शिक्षिका रीमा सिंह ने भी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि अनुशासन और निरंतर अभ्यास ही सफलता की कुंजी है। इंटर परीक्षा में मिली इस सफलता से डुमरांव में शिक्षा के प्रति बढ़ते उत्साह का भी संकेत मिलता है।



रिमझिम कुमारी पिता गिरधारी सिंह 454 अंक



अर्पिता ओझा पिता अनिल कुमार ओझा 435



स्नेहा केशरी पिता संतोष केशरी 461 अंक

## डुमरांव में इंटर रिजल्ट का जश्न, छात्राओं ने रचा सफलता का इतिहास



कला, विज्ञान और वाणिज्य–तीनों संकायों में बेटियों का दबदबा, संगम और स्नेहा बनीं जिले की टॉपर

**केटी न्यूज/डुमरांव**

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा घोषित इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 के परिणाम ने डुमरांव अनुमंडल को गौरवान्वित कर दिया है। इस बार के नतीजों में खास बात यह रही कि छात्राओं ने तीनों संकायों कला, विज्ञान और वाणिज्य में शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता का परचम लहराया है। पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल है और हर ओर मेधावी छात्रों की चर्चा हो रही है।

कला संकाय में कोरान सराय प्लस टू हाई स्कूल की छात्रा संगम कुमारी ने 500 में 466 अंक प्राप्त कर बक्सर जिले में पहला स्थान हासिल किया। साधारण किसान परिवार से आने वाली संगम ने अपनी मेहनत और अनुशासन के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और शिक्षकों को देते हुए कहा कि उनका लक्ष्य आगे चलकर प्रशासनिक सेवा में जाकर समाज की सेवा करना है। वहीं, मुगांव के आयुष कुमार ने 465 अंक के साथ जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय स्वअध्ययन को दिया और भविष्य में भी इसी लगन से आगे बढ़ने की बात कही। इसी विद्यालय की ज्योति कुमारी ने 433 अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया। विज्ञान संकाय में हाई स्कूल लाखनडिहरा की छात्रा निशा कुमारी ने 458 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उनकी इस सफलता से विद्यालय परिवार में खुशी की लहर है। शिक्षकों ने इसे मेहनत और समर्पण का परिणाम बताया। वाणिज्य संकाय में राज हाई स्कूल की छात्रा स्नेहा कुमारी ने 461 अंक प्राप्त कर जिले में शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि रिमझिम कुमारी ने 454 अंक लाकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इस बार के परिणाम ने यह स्पष्ट कर दिया है कि बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। अभिभावक, शिक्षक और स्थानीय लोग सफल छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर रहे हैं।

## महर्षि विश्वामित्र महाविद्यालय में क्विज प्रतियोगिता, छात्रों ने दिखाया ज्ञान का दम

जंतु विज्ञान विभाग की पहल, गुरु-शिष्य परंपरा को आगे बढ़ाने पर जोर

**केटी न्यूज/बक्सर**

महर्षि विश्वामित्र महाविद्यालय, बक्सर के जंतु विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित क्विज प्रतियोगिता में छात्रों का उत्साह देखते ही बना। महाविद्यालय के विभिन्न विषयों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी बौद्धिक क्षमता का परिचय दिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ-साथ अध्ययन के प्रति रुचि को बढ़ाना था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. कृष्णा कांत सिंह ने कहा कि यह संस्थान महान ऋषि महर्षि विश्वामित्र के नाम पर स्थापित है, जिनकी परंपरा ज्ञान, अनुशासन और आदर्शों से जुड़ी रही है। उन्होंने बताया कि भगवान राम और लक्ष्मण जैसे आदर्श शिष्य इसी परंपरा के प्रतीक हैं। ऐसे में आज के छात्र-छात्राओं की जिम्मेदारी है कि वे इस गौरवशाली विरासत को आगे बढ़ाएं। उन्होंने छात्रों को अनुशासन और समर्पण के साथ शिक्षा ग्रहण करने की प्रेरणा देते हुए कहा कि यही गुण उन्हें जीवन में सफलता दिलाएंगे और वे देश, समाज तथा महाविद्यालय का नाम रोशन करेंगे। जंतु विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. शशि काला एवं सहायक प्राध्यापक डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने भी अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक होती हैं। इससे न केवल ज्ञान में वृद्धि होती है, बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ता है। उन्होंने कहा कि छात्र ही देश के भविष्य और कर्णधार हैं, इसलिए उन्हें सही दिशा देना आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान पूरे परिसर में उत्साह और प्रतिस्पर्धा का माहौल देखने को मिला। प्रतिभागियों ने प्रश्नों के सटीक उत्तर देकर अपनी तैयारी का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के कई प्राध्यापक उपस्थित रहे, जिनमें डॉ. रास बिहारी शर्मा, डॉ. पंकज चौधरी, डॉ. अवनीश कुमार पांडेय, डॉ. नवीन शंकर पाठक, डॉ. प्रिय रंजन चौबे, डॉ. आलोक चतुर्वेदी, डॉ. छाया चौबे, डॉ. रवि प्रभात, डॉ. सीमा एवं डॉ. अर्चना पांडेय सहित अन्य शिक्षक शामिल थे।



## रामनवमी से पहले पुलिस की बड़ी कार्रवाई, एंबुलेंस से लाखों की विदेशी शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**केटी न्यूज/राजपुर**

रामनवमी पर्व को लेकर सख्ती बढ़ाते हुए राजपुर थाना पुलिस ने अवैध शराब कारोबार पर बड़ी कार्रवाई की है। चौसा-कोचस मुख्य पथ पर सरेंजा मोड़ के समीप एक एंबुलेंस से 452 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई है, जिसकी कीमत लाखों रुपये आंकी जा रही है। इस दौरान शराब तस्करी में संलिप्त एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान पटना जिले के नौबतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सदीसोपुर गांव निवासी मोनू कुमार पिता रामविलास प्रसाद के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, यह खेप उत्तर प्रदेश से बिहार लाई जा रही थी और इसे पटना ले जाने की योजना थी।

थानाध्यक्ष निवास कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि एक एंबुलेंस के जरिए शराब की तस्करी की जा रही है। सूचना मिलते ही उन्होंने पुलिस टीम के साथ सरेंजा मोड़ के पास घेराबंदी कर वाहन की जांच शुरू कर दी। तलाशी के दौरान एंबुलेंस की डिक्की से विभिन्न ब्रांड की विदेशी शराब–जैसे डार्क ब्लू, रॉयल स्टोर और 8 पीएम–की कई पेटियां बरामद हुईं।

पुलिस ने मौके पर ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और शराब को जब्त कर लिया। इसके बाद आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी की गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और किसी भी कीमत पर तस्करी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने यह भी कहा कि रामनवमी को देखते हुए पूरे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। खासकर उत्तर प्रदेश से सटे इलाकों में सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है और गांव-गांव में चौकीदारों को अलर्ट किया गया है, ताकि किसी भी तरह की अवैध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई की जा सके।

## केसठ में चैती छठ पूजा की तैयारी शुरू, घाटों पर युवकों ने बनाई वेदी



**केटी न्यूज/केसठ**

प्रखंड क्षेत्र के केसठ स्थित प्रखंड परिसर पोखरा में चैती छठ पूजा की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। घाटों की साफ-सफाई के साथ-साथ स्थानीय युवकों द्वारा पूजा के लिए वेदी का निर्माण किया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है।छठ पूजा सेवा समिति प्रखंड परिसर पोखरा केसठ के अध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि व्रतियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए घाटों पर आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। समिति के सभी सदस्य श्रद्धालुओं और भक्तों की सेवा में पूरी तरह तत्पर हैं।उन्होंने जानकारी दी कि मंगलवार को छठ पूजा का पहला अर्घ्य और बुधवार को दूसरा अर्घ्य श्रद्धापूर्वक अर्पित किया जाएगा। पूजा को लेकर पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। वही बाजारों में चहल पहल दिखी।

**खरना कर छठ व्रतियों ने किया प्रसाद ग्रहण** : लोक आस्था का चार दिवसीय चैती छठ महापर्व रविवार से ही नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया है।व्रत रखने वाली श्रद्धालु महिलाओं ने नहाय- खाय के बाद सोमवार को खरना किया। व्रतियों ने स्नान ध्यान कर पूजा अर्चना की। इन व्रतियों ने स्वयं बनाकर प्रसाद ग्रहण कर घर-घर प्रसाद भी वितरण किया।वहीं छठ व्रती अर्घ्य देने की तैयारी में जुट गईं हैं। मंगलवार को भगवान भास्कर को पहला अ र्घ्य और बुधवार को दूसरा अर्घ्य दिया जाएगा। इस दौरान पूजन सामग्री की खरीदारी को लेकर बाजार में चहल पहल रही। छठ व्रती अपनी मनोकामना पूर्ण के लिए छठे का व्रत रखकर सूर्य भगवान की पूजा अर्चना करती हैं।महिलाएं इस पर्व पर व्रत रखने और अर्घ्य देनेकी तैयारी कर रहीं हैं। छठे के लोक गीतों से घर व आंगन गुलजार हो गया है और पूरा वातावरण भक्तिमय बन गया है।

## जिप अध्यक्ष सरोजा देवी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव, बक्सर की राजनीति में उबाल

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिला परिषद बक्सर की राजनीति सोमवार को उस समय गरमा गई, जब निर्वाचित जिप सदस्यों के एक समूह ने अध्यक्ष सरोजा देवी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश कर दिया। बिहार पंचायत राज अधिनियम, 2006 की धारा 70(4)(1) के तहत लाए गए इस प्रस्ताव ने परिषद के अंदरूनी हालात को सार्वजनिक कर दिया है। अविश्वास प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करने वाले सदस्यों में विद्या भारती, रीता कुमारी, मौली देवी, कुसुम देवी और शहाना खातून समेत कुल 10 सदस्य शामिल हैं। इन सदस्यों ने अध्यक्ष की कार्यशैली पर गंभीर आरोप लगाते हुए इसे मनमानीपूर्ण और पारदर्शिता से दूर बताया है। उनका कहना है कि पिछले तीन महीनों से सामान्य बैठक नहीं बुलाना, कार्यवाही पंजी में कथित छेड़छाड़ करना और योजनाओं के क्रियान्वयन में भेदभावपूर्ण रवैया अपनाना लोकतांत्रिक मयार्दाओं के खिलाफ है। सदस्यों ने यह भी आरोप लगाया है कि अध्यक्ष द्वारा अपने क्षेत्र में अपेक्षाकृत अधिक राशि खर्च की गई, जबकि अन्य क्षेत्रों की उपेक्षा की गई। इसके साथ ही शक्तियों के दुरुपयोग और वित्तीय अनियमितता जैसे गंभीर आरोप भी प्रस्ताव में शामिल किए गए हैं। इन आरोपों ने जिला परिषद की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान खड़ा कर दिया है। अविश्वास प्रस्ताव की प्रतिलिपि उप विकास आयुक्त-सह-कार्यपालक पदाधिकारी एवं जिला पदाधिकारी को भी भेज दी गई है, जिससे प्रशासनिक स्तर पर हलचल तेज हो गई है। सूत्रों के मुताबिक, अब प्रशासन द्वारा जल्द ही विशेष बैठक बुलाए जाने की संभावना है, जिसमें मत विभाजन के जरिए अध्यक्ष के भविष्य पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यदि प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान पर्याप्त समर्थन मिलता है, तो अध्यक्ष की कुर्सी पर संकट गहरा सकता है। फिलहाल जिले की सियासत इस घटनाक्रम को लेकर पूरी तरह गरमाई हुई है और सभी की निगाहें प्रस्ताव पर होने वाली आगामी बैठक पर टिकी हैं।












# शहीद दिवस पर कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि, भगत सिंह-सुखदेव-राजगुरु को किया नमन

- **डॉ. मनोज पांडे बोले—बलिदान की गाथा आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा, आदर्शों पर चलने का आह्वान**

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय, बक्सर में सोमवार को शहीद दिवस के अवसर पर महान क्रांतिकारी भगत सिंह, सुखदेव थापर एवं शिवराम राजगुरु को पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डॉ. मनोज पांडे ने की। इस दौरान उपस्थित कार्यकताओं एवं युवाओं ने शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके बलिदान को नमन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. मनोज पांडे ने कहा कि 23 मार्च 1931 भारतीय इतिहास का एक अमर दिवस है, जब देश के इन तीन वीर सपूतों ने स्वतंत्रता के लिए हंसते-हंसते अपने प्राणों की आहुति दे दी। उन्होंने कहा कि इनका बलिदान केवल इतिहास का हिस्सा नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।



उन्होंने कहा कि भगत सिंह केवल एक क्रांतिकारी नहीं, बल्कि एक महान चिंतक भी थे, जिनके विचारों ने देश के युवाओं में नई चेतना जगाई। ह्णइंकलाब जिंदाबादह्ण का उनका नारा आज भी अन्याय के खिलाफ संघर्ष और देशभक्ति का प्रतीक बना हुआ है। वहीं, सुखदेव थापर और शिवराम राजगुरु के योगदान को भी उन्होंने उतना ही महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक बताया।

डॉ. पांडे ने कहा कि इन महान शहीदों का जीवन हमें सिखाता है कि राष्ट्रहित सर्वोपरि होता है और उसके लिए हर प्रकार का त्याग छोटा होता है। उन्होंने कार्यकताओं एवं युवाओं से आह्वान किया कि वे शहीदों के आदर्शों को अपने जीवन में उतारें तथा देश की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहें।

उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान समय में सामाजिक समरसता, भाईचारा और राष्ट्र निर्माण के कार्यों को आगे बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है। इन अमर शहीदों का सपना एक मजबूत, समृद्ध और न्यायपूर्ण भारत का था, जिसे साकार करना हम सभी की जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम में बक्सर जिला ओबीसी कांग्रेस प्रकोष्ठ के अध्यक्ष विनोद मौर्य, अजय यादव, बबन तुरहा, राकेश यादव, इम्तियाज खान सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे और सभी ने शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किया।

# होल्डिंग टैक्स पर डुमरांव में उबाल : चार घंटे चली बैठक में टकराव, फिर भी नहीं निकला समाधान

- **नगर परिषद के जवाबों से असंतुष्ट सामाजिक मंच, टैक्स नीति के खिलाफ आंदोलन जारी रखने का ऐलान**

**केटी न्यूज/डुमरांव**

नगर परिषद डुमरांव में होल्डिंग टैक्स को लेकर बढ़ता विवाद अब खुलकर सामने आ गया है। सोमवार को इस मुद्दे पर बुलाई गई बैठक भारी हंगामे के बीच शुरू हुई और करीब चार घंटे तक चली, लेकिन इसके बावजूद ठोस समाधान नहीं निकल सका। बैठक में एक तरफ नगर परिषद अपने नियमों और प्रक्रियाओं को सही ठहराने में जुटी रही, तो दूसरी ओर वार्ड पार्षदों और नागरिकों ने टैक्स निर्धारण में भारी गड़बड़ी के आरोप लगाते हुए कड़ा विरोध दर्ज कराया।




बैठक की शुरूआत होते ही माहौल गर्म हो गया। सामाजिक मंच के संयोजक प्रदीप शरण द्वारा पहले से उठाए गए सवालों पर जवाब देने के लिए यह बैठक बुलाई गई थी, लेकिन जैसे ही चर्चा शुरू हुई, पार्षदों और नागरिकों ने एक स्वर में टैक्स की दर, वर्गीकरण और पारदर्शिता को लेकर सवालों की झड़ी लगा दी। स्थिति इतनी तनावपूर्ण हो गई कि कुछ समय के लिए बैठक बाधित करनी पड़ी। हालांकि बाद में आपसी समझदारी से बैठक फिर शुरू हुई, लेकिन बहस का तीखापन कम नहीं हुआ। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी राहुलधर दूबे ने साफ तौर पर कहा कि होल्डिंग टैक्स की वसूली पूरी तरह से सरकारी नियमों के तहत की जा रही है और इसमें किसी प्रकार की मनमानी नहीं है। उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि सामाजिक मंच द्वारा उठाए गए सभी बिंदुओं पर विस्तृत और लिखित जवाब दिया जाएगा।लेकिन परिषद के इस आश्वासन से लोग संतुष्ट नजर नहीं आए। सामाजिक मंच ने वर्ष 2017 से अब तक के डिमांड रजिस्टर को सार्वजनिक नहीं किए जाने को लेकर गंभीर सवाल उठाए। इस मुद्दे पर बैठक में लंबी बहस हुई, जिसमें पारदर्शिता की कमी को लेकर नगर परिषद को घेरा गया।

वहीं स्वच्छता पदाधिकारी राजीव कुमार ने जानकारी दी कि 31 मार्च तक बिना विलंब शुल्क के होल्डिंग टैक्स जमा करने की सुविधा दी गई है, ताकि लोग राहत महसूस कर सकें। उन्होंने स्पष्ट किया कि तय समय सीमा के बाद किसी भी प्रकार की छूट नहीं दी जाएगी, जिससे लोगों में और असंतोष देखने को मिला। बैठक में नागरिकों ने सड़कों के वर्गीकरण को लेकर भी बड़ा मुद्दा उठाया। उनका आरोप था कि मुख्य सड़क, संपर्क सड़क और गलियों के वर्गीकरण में भारी गड़बड़ी की गई है, जिसके कारण गलत तरीके से टैक्स लगाया जा रहा है। लोगों ने मांग की कि पहले वर्गीकरण को सही किया जाए, उसके बाद ही टैक्स वसूली की जाए। स्थिति को संभालने के लिए कार्यवाहक चेयरमैन ने एक अलग पहल की। उन्होंने विस्तारित क्षेत्र के वार्ड 1 से 16 तक के प्रतिनिधियों और नागरिकों के साथ अलग बैठक कर पूरे मामले की समीक्षा करने और टैक्स निर्धारण पर पुनर्विचार करने का आश्वासन दिया। हालांकि यह आश्वासन भी तत्काल समाधान के रूप में लोगों को संतुष्ट नहीं कर सका। बैठक में रामबहादुर सिंह, माले नेता संजय राय, अखिलेश केशरी, शिक्षक सुदामा सिंह समेत कई स्थानीय लोग मौजूद रहे। सभी ने एकजुट होकर नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए और पारदर्शिता की मांग की।

बैठक के बाद सामाजिक मंच के संयोजक प्रदीप शरण ने साफ कहा कि उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिला है। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक नगर परिषद टैक्स निर्धारण में पारदर्शिता नहीं लाती और जनता की आपत्तियों का समाधान नहीं करती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। कुल मिलाकर यह बैठक विवाद को सुलझाने के बजाय और गहरा कर गई है। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि नगर परिषद अपने वादों पर कितना अमल करती है या फिर यह मुद्दा आने वाले दिनों में बड़े जन आंदोलन का रूप लेता है।

## एक नजर

### आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ीं महिलाएं जीविका के तहत मिला रोजगार प्रशिक्षण



**केसठ।** प्रखंड के कुलमनपुर गांव में लक्ष्मी जीविका महिला ग्राम संगठन के तत्वावधान में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत सोमवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जीविका से जुड़ी बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।प्रशिक्षण में जीविका मित्र मंजू द्विवेदी ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए आवश्यक कौशल एवं वित्तीय प्रबंधन की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा दी जाने वाली दो लाख रुपये की सहायता राशि का उपयोग योजनाबद्ध तरीके से किया जाए, जिसमें एक हिस्सा कौशल विकास पर तथा शेष राशि छोटे-छोटे व्यवसायों में निवेश कर स्थायी आय का स्रोत बनाया जा सकता है।इस दौरान महिलाओं को पशुपालन, कृषि, हस्तशिल्प सहित अन्य लघु उद्योगों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही समूह आधारित कार्य प्रणाली पर जोर देते हुए स्वयं सहायता समूह बनाकर सामूहिक रूप से व्यवसाय संचालित करने की सलाह दी गई। कार्यक्रम में डिजिटल माध्यमों के उपयोग और स्थानीय बाजार से जुड़ने के बारे में भी जानकारी दी गई।

### इंटर रिजल्ट में मेहनत और रणनीति का जलवा छात्रों ने दिखाया सफलता का नया रास्ता

**बक्सर।** इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 के परिणाम ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि सफलता केवल घंटों की पढ़ाई से नहीं, बल्कि सही रणनीति, निरंतरता और लक्ष्य के प्रति समर्पण से हासिल होती है। जिले के विभिन्न विद्यालयों और कोचिंग संस्थानों के छात्रों ने इस बार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर न सिर्फ अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रज्ञा, जो एमपी उच्च विद्यालय की कला संकाय की छात्रा हैं, ने अपनी सफलता का राज अलग अंदाज में बताया। उन्होंने कहा कि उन्होंने कभी लंबे समय तक पढ़ाई करने पर जोर नहीं दिया, बल्कि सिलेबस के अनुसार विषय और चैप्टर तय कर उसी पर फोकस किया। उनका सपना राजनयिक सेवा में जाकर देश का प्रतिनिधित्व करना है। वहीं, मान्यता वर्मा ने कला संकाय में संयुक्त रूप से दूसरा स्थान प्राप्त कर अपनी मेहनत का लोहा मनवाया है। साधारण परिवार से आने वाली मान्यता का लक्ष्य प्रशासनिक अधिकारी बनना है। उन्होंने नियमित 4 से 6 घंटे पढ़ाई कर और कक्षा में पढ़ाए गए विषयों को उसी दिन तैयार करने की आदत को अपनी सफलता की कुंजी बताया। इटाढ़ी प्रखंड के लोहंदी गांव की प्रियानी कुमारी ने वाणिज्य संकाय में तीसरा स्थान प्राप्त कर ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभा को साबित किया है। किसान परिवार से आने वाली प्रियानी ने रोजाना 8 घंटे अध्ययन और सेल्फ स्टडी को अपनी सफलता का आधार बताया। उनका भी लक्ष्य यूपीएससी और बीपीएससी में सफलता प्राप्त कर प्रशासनिक सेवा में जाना है। उधर, पाठशाला आर्ट्स क्लासेज के विद्यार्थियों ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए संस्था का मान बढ़ाया है। छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों के मार्गदर्शन, अनुशासन और निरंतर अभ्यास को दिया। संस्थान के निदेशक मंडल ने बताया कि सतेंद्र सर, अविनाश सर और प्रीतम सर के समर्पित प्रयासों का इसमें अहम योगदान रहा। कुल मिलाकर, इस बार का इंटर परिणाम यह संदेश देता है कि सही दिशा में की गई मेहनत और स्पष्ट लक्ष्य ही सफलता की असली कुंजी है।

## 31 मार्च तक जीवन प्रमाणीकरण अनिवार्य, नहीं कराने पर पेंशन भुगतान हो सकता है बाधित

**केसठ।** प्रखंड क्षेत्र के सभी सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभुकों के लिए जीवन प्रमाणीकरण कराना अनिवार्य कर दिया गया है। प्रखंड प्रशासन द्वारा जारी निर्देश के अनुसार, सभी पेंशनधारी 31 मार्च तक अपना जीवन प्रमाणीकरण हर हाल में पूरा कर लें, अन्यथा उनकी पेंशन राशि का भुगतान बाधित हो सकता है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह प्रक्रिया पेंशनधारियों की पहचान सुनिश्चित करने और योजनाओं का लाभ सही व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से की जा रही है। निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रमाणीकरण नहीं कराने वाले लाभुकों को अगली किश्त मिलने में परेशानी हो सकती है। अधिकारियों ने बताया कि पेंशनधारी अपने नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी), प्रखंड कार्यालय या संबंधित विभागीय कार्यालय में जाकर आसानी से जीवन प्रमाणीकरण करा सकते हैं। इसके लिए आधार कार्ड और अन्य आवश्यक दस्तावेज साथ ले जाना जरूरी होगा।

# शाहाबाद डीआईजी का बक्सर दौरा, ब्रह्मपुर अंचल कार्यालय का किया सघन निरीक्षण

- **लंबित कांडों के शीघ्र निष्पादन, बेहतर पुलिसिंग और छठ पर्व को लेकर कड़े निर्देश**

**केटी न्यूज/बक्सर**

सोमवार को शाहाबाद क्षेत्र के पुलिस उप-महानिरीक्षक डीआईजी सत्य प्रकाश का बक्सर जिले में आगमन हुआ, जहां उन्हें पुलिस लाइन में गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद डीआईजी ने सीधे ब्रह्मपुर अंचल का रुख किया और वहां स्थित अंचल निरीक्षक कार्यालय एवं थाना परिसर का सघन निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने कार्यालय में संधारित विभिन्न पंजियों और अभिलेखों का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने लंबित कांडों की स्थिति पर विशेष ध्यान देते हुए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी मामलों का त्वरित और निष्पक्ष निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि लंबित मामलों के कारण आम जनता का भरोसा प्रभावित होता है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

डीआईजी ने पुलिस व्यवस्था, जनसेवा से जुड़ी गतिविधियों और क्षेत्र में लागू सुरक्षा प्रबंधों की भी गहन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि थाना स्तर पर जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, ताकि पुलिस-जन संवाद को और मजबूत किया जा सके।

इस दौरान उन्होंने ब्रह्मपुर अंचल कार्यालय एवं थाना भवन की भौतिक स्थिति का भी जायजा लिया। भवन की स्थिति, साफ-सफाई और संसाधनों की उपलब्धता को लेकर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बेहतर कार्य वातावरण से ही पुलिसकर्मी अपनी जिम्मेदारियों का प्रभावी निर्वहन कर सकते हैं।

आगामी छठ महापर्व को लेकर डीआईजी ने विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छठ जैसे आस्था के महापर्व में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या सुरक्षा चूक की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। घाटों, भीड़भाड़ वाले इलाकों और संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने के साथ-साथ सतत निगरानी रखने का निर्देश दिया गया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ और प्रभावी बनाना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसके लिए सभी स्तर के अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, बक्सर एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, डुमरांव सहित कई अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद

# बिहार दिवस पर डुमरांव में सजी साहित्य की महफिल छात्रों की प्रतिभा और कवियों की वाणी ने बांधा समां

- **राज उच्च विद्यालय में क्विज, वाद-विवाद और मूर्तिकला प्रतियोगिता के साथ भव्य कवि सम्मेलन, साहित्यकारों का हुआ सम्मान**

**केटी न्यूज/डुमरांव**

बिहार दिवस के अवसर पर डुमरांव के राज उच्च विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम का दूसरा चरण सोमवार को पूरे उत्साह और रचनात्मक ऊर्जा के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान जहां एक ओर छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया, वहीं दूसरी ओर स्थानीय कवियों के काव्य पाठ ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया।




कार्यक्रम की शुरूआत क्विज, वाद-विवाद और मूर्तिकला प्रतियोगिताओं से हुई, जिसमें विभिन्न विद्यालयों से आए प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। छात्रों की रचनात्मकता, तर्कशक्ति और कलात्मक अभिव्यक्ति ने उपस्थित लोगों को काफी प्रभावित किया। प्रतियोगिता में बच्चों ने अपने हुनर से यह साबित कर दिया कि डुमरांव की युवा पीढ़ी प्रतिभा के मामले में किसी से कम नहीं है।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण भव्य कवि सम्मेलन रहा, जिसकी अध्यक्षता जिले के वयोवृद्ध कवि और साहित्यकार पं. बद्रीनाथ दूबे ने की। उनकी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की। बद्रीनाथ दूबे की भोजपुरी रामायण सहित कई महत्वपूर्ण कृतियां प्रकाशित हो चुकी हैं, और उनके अनुभव का लाभ कार्यक्रम में स्पष्ट रूप से देखने को मिला।

कवि सम्मेलन में मीरा सिंह मीरा, संजीव तिवारी, विमल कुमार सिंह, राजीव रंजन तिवारी, मुक्तेश्वर प्रसाद, सविता सिंह और पूणानंद मिश्र जैसे कवियों ने अपनी-अपनी रचनाओं के माध्यम से जीवन, समाज और समकालीन मुद्दों पर प्रभावशाली प्रस्तुति दी। कविताओं में कहीं भावनाओं की गहराई थी तो कहीं सामाजिक सरोकारों की झलक, जिसने श्रोताओं को देर तक बांधे रखा।

कार्यक्रम का संचालन उच्च विद्यालय लाखनडीहरा के प्रधानाध्यापक विमल कुमार सिंह ने किया, जो स्वयं भी एक कुशल लेखक और कवि हैं। उनके सधे हुए संचालन ने कार्यक्रम को सुव्यवस्थित और रोचक बनाए रखा।

समापन के अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार ने सभी कवियों को मोमेंटो और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि साहित्य समाज का दर्पण होता है और कवियों व साहित्यकारों की भूमिका समाज के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने प्रतिभागियों की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को बढ़ावा देने की बात कही।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनुराग मिश्र के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर शैलेंद्र पांडे, शिव जी दूबे समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# रामनवमी को लेकर केसठ नया बाजार में तैयारियां तेज, झंडों से सजी मुख्य सड़क

**केटी न्यूज/केसठ**

प्रखंड क्षेत्र के नया बाजार में आगामी रामनवमी पर्व को लेकर तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। पर्व के स्वागत में स्थानीय युवाओं ने मुख्य सड़क को आकर्षक ढंग से सजाकर पूरे बाजार क्षेत्र को उत्सवी रंग में रंग दिया है। सड़क के दोनों ओर बजरंगी पटाखे के रंग-बिरंगे झंडे लगाए गए हैं, जिससे इलाके का माहौल पूरी तरह भक्तिमय और उल्लासपूर्ण हो गया है।



सजावट कार्य में युवाओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। राजेश, मनीष, शिवम्, बबली, दीपक, बजरंगी, राहुल कुमार और राहुल गुप्ता सहित कई युवाओं ने मिलकर पूरे बाजार को सुसज्जित करने में अहम भूमिका निभाई। युवाओं का कहना है कि रामनवमी उनके लिए आस्था और उत्साह का पर्व है, जिसे भव्य रूप से मनाने के लिए वे हर वर्ष इस तरह की तैयारियां करते हैं।

स्थानीय लोगों ने भी युवाओं के इस प्रयास की सराहना की है। उनका कहना है कि इस प्रकार की सजावट से न केवल बाजार की सुंदरता बढ़ती है, बल्कि श्रद्धालुओं में भी विशेष उत्साह का संचार होता है। शाम के समय रोशनी और झंडों की सजावट से पूरा बाजार आकर्षण का केंद्र बन गया है।

प्रशासन की ओर से भी शांति और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं, ताकि पर्व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो सके। कुल मिलाकर, नया बाजार में रामनवमी को लेकर माहौल पूरी तरह से भक्तिमय और उत्साहपूर्ण बन चुका है।

# उपलब्धि : इंटर साइंस परीक्षा में नवादा की सपना बनीं बिहार की सेकेंड टॉपर

95.80 प्रतिशत के साथ जिले का किया नाम रोशन,लोगों ने दी बधाई



**केटी न्यूज/नवादा**

जिले के कौवाकोल प्रखंड के नावाडीह गांव के बिहार इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 का रिजल्ट जारी हो गया है। साइंस स्ट्रीम में नवादा की सपना कुमारी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर पर दूसरा स्थान हासिल किया है। सपना ने कुल 500 अंकों में 479 नंबर प्राप्त कर 95.80 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। उनकी इस उपलब्धि से जिले में खुशी की लहर दौड़ गई है। जो राज्य में 85.19 प्रतिशत स्टूडेंट्स एग्जाम में पास हुए हैं। इसमें 84.09 प्रतिशत छात्र और 86.23 छात्राएं सफल रही हैं। आर्ट्स और कॉमर्स में छात्राओं ने टॉप किया है। साइंड में छात्र ने बाजी मारी है। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने बिहार बोर्ड ऑफिस में परिणाम घोषित किया। इस दौरान बोर्ड के अध्यक्ष आनंद किशोर भी मौजूद रहे।

**कामयाबी ने स्कूल का बढ़ाया मान :** सपना कुमारी महिला उच्च माध्यमिक विद्यालय, नवादाडीह की छात्रा हैं। उनके पिता किसानी कर घर चलाते हैं। उनकी इस सफलता से न केवल उनके परिवार बल्कि विद्यालय का नाम भी रोशन हुआ है। स्कूल के शिक्षकों ने सपना की उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि वह शुरू से ही पढ़ाई में काफी मेधावी और मेहनती छात्रा रही हैं। शिक्षकों के कहा सपना नियमित रूप से पढ़ाई करती थीं और हर विषय को गहराई से समझने का प्रयास करती थीं। उनकी यही मेहनत और अनुशासन उन्हें इस मुकाम तक लेकर आया है।सपना की सफलता यह साबित करती है कि निरंतर प्रयास और सही दिशा में मेहनत से बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं। दूसरी तरफ रिजल्ट जारी होने के बाद सपना के घर में जश्न का माहौल है। परिवार और रिश्तेदारों का लगातार बधाई देने का सिलसिला जारी है। परिजनों ने बताया कि सपना शुरू से ही पढ़ाई में अव्वल रही है और उन्होंने हमेशा उसे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

**छात्राओं के लिए सपना बनी प्रेरणा :** सपना कुमारी की इस उपलब्धि से जिले की अन्य छात्राओं को भी प्रेरणा मिलेगी। खासकर ग्रामीण क्षेत्र की लड़कियों के लिए यह एक मिसाल है कि वे भी कठिन मेहनत और आत्मविश्वास के बल पर बड़ी सफलता हासिल कर सकती हैं। सपना आगे भी अपनी पढ़ाई जारी रखकर उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहती हैं। उनका लक्ष्य है कि वे अपने करियर में और ऊंचाइयों को छूएं और समाज में अपनी अलग पहचान बनाएं।

# गयाजी में जमीन विवाद बना खूनी खेल, चचेरे भाई ने ही मारी थी गोली, 24 घंटे में पुलिस ने किया खुलासा



### आरोपियों ने कबूल कर लिया अपना जुर्म

पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उन्होंने बताया कि जमीन विवाद को लेकर पहले से ही तनाव चल रहा था। इसी रंजिश में योजना बनाकर अक्षय को घर से बुलाया गया और भुसिया घाट के पास ले जाकर उसके सिर में गोली मार दी गई। हत्या के बाद सबूत मिटाने के लिए शव को नदी में फेंक दिया गया। हालांकि, पुलिस अब तक हत्या में इस्तेमाल किए गए हथियार को बरामद नहीं कर सकी है। फिलहाल आरोपियों के पास से दो मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं, जिनके जरिए घटना से जुड़े अहम सुराग मिले हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही हथियार भी बरामद कर लिया जाएगा।

**एजेंसी। गयाजी**

गया जिले के चेरकी थाना क्षेत्र में हुए पेंटर अक्षय यादव हत्याकांड का पुलिस ने तेजी से खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने 24 घंटे के अंदर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में सिंपल कुमार, दीपक कुमार और रोहित कुमार शामिल हैं। इनमें सिंपल कुमार मृतक का चचेरा भाई बताया जा रहा है, जिससे जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। पुलिस के अनुसार, 18 मार्च की शाम कुछ लोग अक्षय यादव के घर पहुंचे और काम के बहाने उसे अपने साथ बाहर ले गए। देर रात तक जब वह घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। अगले दिन 19 मार्च को उसकी पत्नी ने थाने में अपहरण का मामला दर्ज कराया। शुरूआती जांच अपहरण के एंगल से की जा रही थी, लेकिन 20 मार्च को मामला पूरी तरह बदल गया। भुसिया घाट के पास नदी किनारे एक शव मिलने की सूचना से इलाके में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बरामद किया, जिसकी पहचान अक्षय यादव के रूप में हुई। शव के सिर में गोली के निशान मिले, जिससे स्पष्ट हो गया कि यह अपहरण नहीं बल्कि सुनियोजित हत्या है। इसके बाद पुलिस ने मामले को हत्या में बदलते हुए 21 मार्च को प्राथमिकी दर्ज की। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने तत्काल टीम गठित की। बोधगया एसडीपीओ के नेतृत्व में तकनीकी और स्थानीय इनपुट के आधार पर जांच तेज की गई। पुलिस ने मोबाइल लोकेशन, कॉल डिटेल्स और आसपास के नेटवर्क की गहन जांच की। इसी क्रम में संदिग्धों की पहचान कर उन्हें हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उन्होंने बताया कि जमीन विवाद को लेकर पहले से ही तनाव चल रहा था। इसी रंजिश में योजना बनाकर अक्षय को घर से बुलाया गया और भुसिया घाट के पास ले जाकर उसके सिर में गोली मार दी गई। हत्या के बाद सबूत मिटाने के लिए शव को नदी में फेंक दिया गया। हालांकि, पुलिस अब तक हत्या में इस्तेमाल किए गए हथियार को बरामद नहीं कर सकी है। फिलहाल आरोपियों के पास से दो मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं, जिनके जरिए घटना से जुड़े अहम सुराग मिले हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही हथियार भी बरामद कर लिया जाएगा।

# क्रिकेट टूर्नामेंट मैच का भावी जिला पार्षद प्रत्याशी ने किया उद्घाटन

■ खेल में खिलाड़ियों के प्रदर्शन उन्हें पहुंचाती है ऊंचे शिखर पर : राहुल सिंह



**केटी न्यूज रोहतास**

सोमवार को बिक्रमगंज प्रखंड क्षेत्र के जमोढी पंचायत के धावां में डीसीसी के नेतृत्व में एक भव्य क्रिकेट टूनामेंट का आयोजन किया है। जिसका उदघाटन बिक्रमगंज अंजबित सिंह महाविद्यालय के भूमिदाता स्वर्गीय नेपाल सिंह के प्रपौत्र सह भावी जिला पार्षद प्रत्याशी राहुल सिंह ने खिलाड़ियों के बीच ग्रीनपार्क स्टेडियम में फीता काट किया। जिसके बाद टूनार्मेंट में रोहतास जिले क्षेत्र के विभिन्न शहरों से भाग लेने वाले 16 टीमों के खिलाड़ियों सहित स्थानीय सैकड़ों लोगों ने मुख्य अतिथि राहुल सिंह का अंगवस्त्र भेंट कर तालियों के साथ भव्य स्वागत किया। जहां उन्होंने सभी टीमों के खिलाड़ियों से परिचय करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उक्त अवसर पर भावी जिला पार्षद प्रत्याशी राहुल सिंह ने खेल ग्राउंड में बैट से गेंद पर शॉट लगा टूनार्मेंट के पहले मैच का शुभारंभ किया। मैच के आयोजन कर्ता उपेंद्र कुमार व सागर कुमार ने बताया कि आयोजित नॉट आउट क्रिकेट टूर्नामेंट मैच में जिला क्षेत्र से सभी 16 टीमों में धनगाई, करथ,नोवाअ, दुगार्डीह, अमियावर, गोडारी, ताराचंडी सहित अन्य टीमें है। जिसका पहला मैच रविवार को बेलईया बनाम गोटपा के बीच खेला गया। टूनार्मेंट के सभी मैच नॉक आउट के तौर 6 ओवर के होंगे, जिसका फाइनल मैच 25 मार्च को खेला जायेगा। मौके पर घनश्याम सिंह,प्रमेन्द्र सिंह,अनुराग सिंह,राजेश सिंह,उज्जवल सिंह,संदीप कुमार, उमेश सिंह,दीपक सिंह,बलिराम सिंह सहित जामोढी पंचायत के सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# नाबालिक संघ के नेतृत्व में नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

खेल में खिलाड़ियों की प्रतिभा उन्हें बनती है चैंपिय : मुखिया

**केटी न्यूज/आरा**

अगिआंव (भोजपुर) प्रखंड क्षेत्र के नारायणपुर खेल मैदान में नाबालिक संघ द्वारा नाइट बाउंड्री शॉर्ट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। आयोजित टूनार्मेंट का उद्घाटन पंचायत मुखिया भूपेंद्र सिंह यादव ने किया। अवसर पर मुखिया भूपेंद्र सिंह यादव ने कहा कि इस तरह के आयोजन से गांव में आपसी भाईचारा प्रेम के साथ-साथ खिलाड़ियों की पहचान भी बनती है। इस तरह के आयोजन से होने वाले मुकाबले में खिलाड़ियों द्वारा अपने जो जुनून के प्रदर्शन की पहचान के साथ-साथ एक अलग मार्गदर्शन देखने को मिलता है। नाइट बाउंड्री शॉर्ट टूनार्मेंट के दौरान जिले के कुल 32 क्रिकेट टूनार्मेंट टीम ने भाग लिया जिसमें



निर्धारित ओवर में अमर क्लासेस नारायणपुर की टीम को अजीमाबाद क्रिकेट टूनार्मेंट की टीम ने 65 रन बनाकर विजेता घोषित हुई। आयोजन के दौरान 65 रन बनाकर अजीमाबाद की टीम विजेता तथा अमर क्लासेस नारायणपुर की टीम निर्धारित ओवर में 34 रन बनाकर उपविजेता घोषित हुई विजेता और उपविजेता तथा मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज से खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। आयोजन में टीम अध्यक्ष विकास सम्राट,अविनाश कुमार, मुकेश कुमार,राहुल कुमार,फिरोज कुमार,दीपू पवन, राहुल कुमार, गोलू ,पप्पू सहित अन्य लोगों ने अपना अहम योगदान दिया।

## एक नजर

### लोक आस्था के चैती छठ पर खरना के साथ कठिन निर्जला व्रत शुरू

**आरा।** लोक आस्था का महापर्व चैती छठ पर्व की चारों तरफ धूम मची हुई है , भगवान भास्कर एवम छठी मइया के पूजा के रूप में जाने जाने वाले इस महापर्व का आज दूसरा दिन है और छठव्रती आज खरना कर रही है और भगवान भास्कर एवं छठी मैया को समर्पित करने के लिए खीर का प्रसाद बना रही हैं तस्वीरों में आप देख सकते हैं कि किस तरह से मिट्टी के चूल्हे पर पीतल के बर्तन में गाय के शुद्ध दूध एवं गुड़ के साथ शुद्ध चावल का खीर प्रसाद बनाया जा रहा है और इसको भगवान भास्कर को समर्पित करने के पश्चात 36 घंटे के निर्जला उपवास का प्रारंभ हो जाएगा एवं खरना के दूसरे दिन अस्टचलगामी भगवान भास्कर को छठबरती अर्घ समर्पित करेगी एवं दूसरे दिन उदय गामी सूर्य को अर्क देने के पश्चात इस महापर्व का समापन हो जाएगा करना प्रसाद बना रही व्रत धारी ने बताया कि इस पर्व में शुद्धता का काफी ख्याल रखा जाता है और पीतल के बर्तन में शुद्ध तरीके से गाय के दूध गुड़ और चावल के साथ खीर का प्रसाद बनाया जा रहा है इसके बाद व्रत धारी भगवान भास्कर को प्रसाद समर्पित करने के बाद खुद प्रसाद ग्रहण करेंगे और आज से ही 36 घंटे के निर्जला उपवास की शुरूआत हो जाएगी छठ महापर्व को लेकर चारों तरफ उत्सव एवं उत्साह का माहौल दिख रहा है छठी मैया के गीत को गुनगुना कर प्रसाद बना रही बरती की खुशी देखते ही बन रही है और व्रतधारी खरना का प्रसाद बना रही है छठ मैया की गीतों से माहौल पूरी तरह से भक्तिमय बन गया है।

### आचार्य उपाधि से कुमार अजय हुए सम्मानित

**बड़हरा।** भोजपुर जिले के एकवना घाट (आरा) निवासी गीतकार एवं कहानीकार कुमार अजय सिंह को साहित्यिक योगदान के लिए ह्यआचार्यह्न की उपाधि से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान गोपालगंज के शफियाबाद में आयोजित अखिल भारतीय सूफी फाउंडेशन जौहरे आजम, राष्ट्रीय संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रदान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सूफी संत ख्वाजा जाने अली चिश्त निजामी के 81वें वार्षिक उर्स उत्सव, साहित्यिक अधिवेशन एवं बिहार दिवस के अवसर पर 21 और 22 मार्च 2026 को किया गया। इस दौरान धर्म के मर्म विषय पर चर्चा-परिचर्चा भी आयोजित हुई। जिसमें देश-विदेश के विद्वान,कवि,लेखक और शायरों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो.लाल बाबू यादव ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में बिहार विधान पार्षद डॉ. वीरेन्द्र नारायण यादव मौजूद रहे। मुख्य वक्ता के रूप में श्री श्री 108 आचार्य अखिलेश मणि शांडिल्य ने अपने विचार रखे। मंच पर कुमार अजय सिंह को उनकी साहित्यिक उपलब्धियों,विशेषकर भोजपुरी नव ग्रह चेतनाह्न सहित अन्य कृतियों के लिए ह्यआचार्यह्न की उपाधि से नवाजा गया। यह सम्मान संस्था के संरक्षक व प्रख्यात विद्वान डॉ. जौहर शफियावादी ने प्रदान किया।

### शहीद दिवस पर रक्तदान शिविर कार्यक्रम का आयोजन

**सहार।** संघर्ष सेवा समिति द्वारा शहीद दिवस के अवसर पर रक्तदान महादान सह सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि सेवानिवृत जनरल कृष्ण सिंह, श्रीराम कथावाचक गोविंदाचार्ज जी महाराज,मुखिया समरेश सिंह जी द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। इसके बाद वीर सपूत अमर क्रांति राजगुरु,सुखदेव और भगत सिंह की तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। रक्तदान कार्यक्रम में 30 युवा ने स्वैच्छिक रक्तदान किए। सभी युवा में हंसते हुए कहा कि शहीदों की याद में हम सभी भी समाज सेवा के लिए अपना रक्तदान कर एक कुबार्नी के सम्मान योगदान दे रहे है। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि गोपाल राय,नवीन कुमार, सुजीत कुमार,समीर कुमार, मुखिया महेंद्र प्रसाद , सामाजिक कार्यकर्ता शशि सिंह कुशवाहा , पंकज सिंह,सुरेंद्र सिंह,सतीश राय,राधेश्याम सिंह, निरंजन सिंह, अमित दुबे रक्तदाता युद्ध में विकाश पांडे, सुधीर पाण्डेय, श्रीराम शर्मा, चितरंजन शर्मा,दीपक सिंह, मृत्युंजय सिंह, चंदन कुमार, कमलेश जी, जैकी कुमार , रविशंकर प्रसाद, रोहित कुमार ,संजय राय, मुकेश कुमार इत्यादि सम्मिलित हुए।

### डॉ.राम मनोहर लोहिया को याद कर लोगों ने दी श्रद्धांजलि

**पीरो।** प्रखर समाजवादी चिंतक व विचारक डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती पर लोगों उन्हें श्रद्धांजलि दे उन्हें याद किया। मौके पर पीरो नगर के लोहिया चौक स्थित डा. राम मनोहर लोहिया की आदमकद प्रतिमा पर समाजवादी नेता व कार्यकर्ता ने माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मौके पर अपने संबोधन में समाजवादी नेता व अवकाश प्राप्त शिक्षक राजेंद्र प्रसाद, पूर्व जिला पार्षद प्रमोद कुमार सिंह, संजय यादव, घनश्याम सिंह, सुनील कुमार सिंह,मदन सिंह, रवि यादव आदि ने कहा कि डा. लोहिया सामाजिक, आर्थिक बराबरी के पक्षधर थे। वे एक ऐसी समता मूलक सामाजिक व्यवस्था कायम करना चाहते थे जहां सबको बराबरी का अधिकार प्राप्त हो। वे सच्चे मानवता वादी थे। वे कहते थे कि एक आदमी दूसरे की गुलामी करे यह मानवता के प्रतिकूल है। दूसरी तरफ नगर परिषद की सभापति किरण उपाध्याय,जदयू प्रदेश महासचिव मनोज उपाध्याय,अरुण प्रताप सिंह,विजय यादव सहित अन्य लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### पुलिस की बड़ी कार्रवाई में शराब के साथ तीन धंधेबाज गिरफ्तार

**बड़हरा।** बिहार में लागू शराबबंदी कानून के सख्त अनुपालन के तहत पुलिस लगातार कार्रवाई में जुटी है। इसी क्रम में सोमवार को बबुरा थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। अलग-अलग स्थानों पर की गई कार्रवाई में भारी मात्रा में विदेशी और देशी शराब बरामद करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार,बबुरा थाना के ठीक सामने फोरलेन पर वाहन चेकिंग के दौरान सुनील कुमार पिता-ओम प्रकाश चौधरी, निवासी खेताड़ी मोहल्ला वार्ड नंबर 04, कोईलवर और धीरज कुमार पिता- संजय प्रसाद, निवासी मांझी,जिला सारण को पकड़ा गया।

# लोक आस्था के चैती छठ पर खरना के साथ कठिन निर्जला व्रत शुरू



**केटी न्यूज/आरा**

लोक आस्था का महापर्व चैती छठ पर्व की चारों तरफ धूम मची हुई है , भगवान भास्कर एवम छठी मइया के पूजा के रूप में जाने जाने वाले इस महापर्व का आज दूसरा दिन है और छठव्रती आज खरना कर रही है और भगवान भास्कर एवं छठी मैया को समर्पित करने के लिए खीर का प्रसाद बना रही हैं तस्वीरों में आप देख सकते हैं कि किस तरह से मिट्टी के चूल्हे पर पीतल के बर्तन में गाय के शुद्ध दूध एवं गुड़ के साथ शुद्ध चावल का खीर प्रसाद बनाया जा रहा है और इसको भगवान भास्कर को समर्पित करने के पश्चात 36 घंटे के निर्जला उपवास का प्रारंभ हो जाएगा एवं खरना के दूसरे दिन अस्टचलगामी भगवान भास्कर को छठबरती अर्घ समर्पित करेगी एवं दूसरे दिन उदय गामी सूर्य को अर्क देने के पश्चात इस महापर्व का समापन हो जाएगा करना प्रसाद बना रही व्रत धारी ने बताया कि इस पर्व में शुद्धता का काफी ख्याल रखा जाता है और पीतल के बर्तन में शुद्ध तरीके से गाय के दूध गुड़ और चावल के साथ खीर का प्रसाद बनाया जा रहा है इसके बाद व्रत धारी भगवान भास्कर को प्रसाद समर्पित करने के बाद खुद प्रसाद ग्रहण करेंगे और आज से ही 36 घंटे के निर्जला उपवास की शुरूआत हो जाएगी छठ महापर्व को लेकर चारों तरफ उत्सव एवं उत्साह का माहौल दिख रहा है छठी मैया के गीत को गुनगुना कर प्रसाद बना रही बरती की खुशी देखते ही बन रही है और व्रतधारी खरना का प्रसाद बना रही है छठ मैया की गीतों से माहौल पूरी तरह से भक्तिमय बन गया है

# गंगा स्वच्छता पखवाड़ा पर जल महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन

**एजेंसी। आरा**

गंगा समिति,भोजपुर राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के निदेर्शानुसार गंगा स्वच्छता पखवाड़ा एवं जल महोत्सव विशेष दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ समाहरणालय परिसर,भोजपुर में किया गया। यह कार्यक्रम जिला पदाधिकारी सह अध्यक्ष,जिला गंगा समिति भोजपुर के निर्देश अनुसार कराया गया। कार्यक्रम के पहले सत्र में जल अर्पण जागरूकता रैली,श्रमदान एवं स्वक्षता शपथ का आयोजन किया गया। इस सत्र के मुख्य अतिथि अतिथि के रूप निदेशक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण,कल्याण पदाधिकारी, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी भोजपुर एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम पदाधिकारी और राष्ट्रीय कैडर कोर के अधिकारी उपस्थित रहे। उपस्थित अधिकारियों ने संयुक्त रूप से जल अर्पण कर जल संचय का संदेश दिया एवं हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। कार्यक्रम के अंत में जिला पदाधिकारी द्वारा गंगा स्वच्छता एवं जल संरक्षण जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली में 8 बिहार बटालियन एनसीसी कैडेट्स एवं वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेज के एनएसएस स्वयंसेवकों सहित विद्यार्थियों ने भाग लेकर जल संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुँचाया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में कार्यक्रम उद्घाटन इस सत्र के मुख्य अतिथि वरीय कोषागार पदाधिकारी, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी भोजपुर, उप समाहर्ता, जिला कला संस्कृति पदाधिकारी, परियोजना पदाधिकारी जिला गंगा समिति भोजपुर,जिला समन्वयक लोहिया स्वच्छ मिशन ग्रामीण भोजपुर, जिला समन्वयक आई टी सी सुनहरा कल एवं राष्ट्रीय कैडर कोर जेसीओ विमला कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलितकर किया। जिला परियोजना पदाधिकारी जिला गंगा समिति भोजपुर ने बताया कि 16 से 31 मार्च तक जिले में विभिन्न जल स्त्रोतों के निकट स्वच्छता श्रमदान,जल संरक्षण शपथ, नुक्कड़ नाटक, पौधारोपण, जनजागरूकता कार्यक्रम तथा महाविद्यालयों में प्रतियोगिताएँ आयोजित की किया जा रहा है।

# पटना को जाम से राहत, 20 नए ट्रैफिक सिग्नल और सीसीटीवी से बदलेगी राजधानी की तस्वीर

**एजेंसी। पटना**

पटना नगर निगम क्षेत्र में ट्रैफिक जाम कम करने के लिए 20 प्रमुख प्वाइंट पर ट्रैफिक सिग्नल और उच्च क्षमता वाले सीसीटीवी लगाए जाएंगे। नौबतपुर में बीएसएपी-1 का नया मुख्यालय भी बनाया जाएगा। राजधानी पटना के अंदरूनी और बाहरी इलाकों को जाम से मुक्त कराने के लिए व्यापक स्तर पर कवायद शुरू कर दी गई है। जल्द ही पटना नगर निगम के प्रमुख इलाकों खासकर बाहरी यानी बाईपास, जीरो माईल समेत ऐसे अन्य स्थानों पर ट्रैफिक सिग्नल और उच्च क्षमता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।




रोजाना जाम का झाम झेलने वाले ऐसे 20 से अधिक खास प्वाइंट चिन्हित किए गए हैं, जहां जल्द ही ट्रैफिक सिग्नल और सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इस बात की जानकारी एडीजी (ट्रैफिक, मॉर्डनाइजेशन और एससीआरबी) सुधांशू कुमार ने दी। पुलिस मुख्यालय सरदार पटेल भवन के सभागार में सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि इन स्थानों पर रोजाना जाम लगने से लोगों को बेहद परेशानी उठानी पड़ती है। इस समस्या से निजात दिलाने के लिए यह पहल की जा रही है। एडीजी ने कहा कि वर्तमान में पटना नगर निगम के क्षेत्र में 30 प्वाइंट ऐसे हैं, जहां सिग्नल और सीसीटीवी कैमरे लगा चुके हैं। इनकी मदद से ट्रैफिक नियमों को तोड़ने वालों के खिलाफ जुमार्ना लगाने समेत अन्य सख्त कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि पटना समेत सभी चार स्मार्ट सिटी और तमाम प्रमंडलीय मुख्यालयों में ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए चिन्हित किए गए सभी प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कमैरे और सिग्नल लगाने की योजना है। उच्च क्षमता वाले इन सीसीटीवी कैमरों की मदद से नियम तोड़ने वाले वाहनों की पहचान कर उनका पूरा विवरण निकाला जाता है और फिर इसके आधार पर जुमार्ना किया जाता है या कार्रवाई की जाती है। बिहार विशेष सहायक पुलिस (बीसैप)-1 का कार्यालय पटना के पास नौबतपुर में बनने जा रहा है। यहां इसके लिए 30 एकड़ जमीन चिन्हित कर ली गई है। जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया जल्द शुरू होने जा रही है और इसके लिए 40 करोड़ रुपये की स्वीकृति भी दे दी गई है। इसके अलावा पिछले तीन महीनों के दौरान 49 करोड़ 78 लाख रुपये के अलग-अलग भवनों की स्वीकृति भी प्रदान की गई है। इसमें चार थाना भवन, एक एसपी आवास सह कार्यालय और दो अनुमंडल स्तरीय कार्यालय शामिल हैं। इन सभी स्थानों पर जल्द ही निर्माण की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। सभी थानों के भवन तीन मंजिला होंगे और इनमें सभी जरूरी फर्निचर भी लगाए जाएंगे।

# अरवल को नीतीश ने दिया बड़ा तोहफा : 150 करोड़ रुपये से अधिक की योजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास

**एजेंसी। पटना**

बिहार के अरवल जिले में समृद्धि यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विकास कार्यों की बड़ी सौगात दी। अपने दौरे के दौरान उन्होंने 150 करोड़ रुपये से अधिक की कई योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इससे जिले में विकास कार्यों को नई रफ्तार मिलने की उम्मीद है। कार्यक्रम की शुरूआत अरवल प्रखंड के अबगिला पंचायत के इटवां गांव से हुई। यहां मुख्यमंत्री ने सुधा दुग्ध बिक्री केंद्र, सामुदायिक शौचालय, खेल मैदान और पुस्तकालय का उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने खेल मैदान का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्था को देखा। अधिकारियों को जरूरी निर्देश देते



हुए उन्होंने कहा कि गांवों में ऐसी सुविधाएं बढ़ेंगी तो युवाओं को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा और समाज का विकास तेजी से होगा। इसके बाद मुख्यमंत्री करपी प्रखंड के बेलखरा पंचायत पहुंचे। यहां उन्होंने प्रस्तावित चिकित्सा महाविद्यालय और अस्पताल के निर्माण स्थल का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि लोगों को बेहतर इलाज की सुविधा मिले। इस अस्पताल के बन जाने से आसपास के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी और उन्हें दूर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 250 योजनाओं का उद्घाटन किया, जिनकी कुल लागत करीब 90 करोड़ रुपये से अधिक है। वहीं 22 नई योजनाओं का शिलान्यास भी किया गया, जिन पर लगभग 63 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इन योजनाओं में सड़क, भवन, स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य जरूरी सुविधाओं से जुड़े काम शामिल हैं। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की योजनाओं को दिखाने के लिए एक प्रदर्शनी भी लगाई गई। मुख्यमंत्री ने एक-एक कर सभी स्टॉल का निरीक्षण किया और वहां मौजूद अधिकारियों से योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ सही तरीके से लोगों तक पहुंचे, इस पर खास ध्यान देना जरूरी है। जिन विभागों के स्टॉल लगाए गए थे, उनमें जीविका, उद्योग, सामाजिक सुरक्षा, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, बाल विकास, स्वास्थ्य, नगर परिषद, मद्य निषेध और कृषि विभाग शामिल थे। मुख्यमंत्री ने इस दौरान दिव्यांगजनों को चश्मा और बैटरी से चलने वाली त्रिचक्र गाड़ी भी दी। इससे लाभ पाने वाले लोगों के चेहरे पर खुशी साफ देखी गई। यह कदम सरकार की जनकल्याणकारी सोच को दशार्ता है। कार्यक्रम के अंत में आयोजित जनसंवाद में मुख्यमंत्री ने लोगों को संबोधित किया। उन्होंने सात निश्चय-3 योजना के बारे में बताते हुए कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि हर व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचे। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे सरकारी योजनाओं का लाभ लें और विकास में अपनी भागीदारी निभाएं। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, मंत्री विजय चौधरी, अशोक चौधरी, दीपक प्रकाश, विधायक मनोज कुमार और पप्पू कुमार वर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। साथ ही जिलाधिकारी अमृषा बैंस और पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सहित कई अधिकारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

## एक नजर

### मुंगेर में 47 लाख रुपये की ठगी: शेयर मार्केट में दोगुना मुनाफा के लालच में बुरे फंसे रेलवे इंजीनियर

**मुंगेर।** मुंगेर से एक बड़ी खबर सामने आ रही है, जहां शेयर मार्केट में पैसा दोगुना-तीगुना करने के लालच में एक रेलवे इंजीनियर साइबर ठगी का शिकार हो गया। ठगों ने इंजीनियर से करीब 47 लाख रुपये की ठगी कर ली है। पीड़ित ने साइबर थाना में मामला दर्ज कराया है, जिसके बाद पुलिस जांच में जुट गई है। मामला मुंगेर जिला के जमालपुर का है, जहां रेलवे में कार्यरत एक इंजीनियर को व्हाट्सएप ग्रुप के जरिए ठगों ने अपना शिकार बनाया। न्यू वेल्थ ग्रुप नाम के इस व्हाट्सएप ग्रुप में भारी मुनाफे का झांसा दिया जा रहा था। ग्रुप में दिखाए गए फर्जी वॉलेट में एक करोड़ से ज्यादा का इन्वेस्टमेंट दशार्या गया, जिससे इंजीनियर भरोसे में आ गया। ठगों ने महज एक हफ्ते में पैसा दोगुना करने का लालच दिया। इसी झांसे में आकर इंजीनियर ने अलग-अलग किस्तों में करीब 47 लाख रुपये निवेश कर दिए। हैरानी की बात यह है कि इंजीनियर ने अपने पिता, पत्नी और दोस्तों से भी पैसे लेकर आरटीजीएस के माध्यम से रकम ट्रांसफर की। 20 फरवरी को ग्रुप ज्वाइन करने के बाद इंजीनियर लगातार 12 मार्च तक पैसे निवेश करता रहा। जब तय समय पर पैसा दोगुना नहीं हुआ और वॉलेट भी सील दिखाने लगा, तब उसे ठगी का एहसास हुआ। साइबर थानाध्यक्ष सह डीएसपी राकेश कुमार रंजन ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और तकनीकी जांच के जरिए ठगों तक पहुंचने की कोशिश की जा रही है। पीड़ित ने पहले 17 मार्च को साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई और फिर 22 मार्च को साइबर थाना में एफआईआर दर्ज कराई। एक साथ इतनी बड़ी रकम गंवाने के बाद इंजीनियर मानसिक रूप से काफी परेशान है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। लेकिन यह घटना एक बार फिर साबित करती है कि शेयर मार्केट में मोटे मुनाफे के लालच में बिना जांच-पड़ताल के निवेश करना कितना खतरनाक हो सकता है।

### सीतामढ़ी की सिद्धी और साक्षी ने कर दिया कमाल, इंटर परीक्षा टॉपर में दोनों का नाम, जिले का नाम किया रोशन

**सीतामढ़ी।** सीतामढ़ी की दो बेटियों ने जिले का नाम रोशन करने का काम किया है। सीतामढ़ी की होनहार छात्रा सिद्धि सिखा ने इंटरमीडिएट परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे बिहार में आट्र्स संकाय में सेकंड स्टेट टॉपर बनकर जिले का नाम रोशन किया है। वही साक्षी साइंस में सेकंड टॉपर बनकर जिले का सम्मान बढ़ाया है। दोनों के घर में खुशी का माहौल देखने को मिल रहा है। इन बेटियों पर परिवार गर्व महसूस कर रहा है। सिखा प्रोजेक्ट गर्ल हाई स्कूल, जौहरीमल की छात्रा हैं और उनके पिता प्रशांत कुमार हैं। अपनी कड़ी मेहनत, लगन और अनुशासन के दम पर उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है।उनकी इस उपलब्धि से स्कूल, परिवार और पूरे जिले में खुशी की लहर है। शिक्षकों ने उनकी सफलता को प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि सिद्धि ने यह साबित कर दिया है कि मेहनत और लक्ष्य के प्रति समर्पण से किसी भी ऊंचाई को हासिल किया जा सकता है। सिद्धि सिखा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया है। उन्होंने कहा कि आगे भी वह इसी तरह मेहनत कर अपने सपनों को साकार करना चाहती हैं। उनकी इस उपलब्धि पर जिले के गणमान्य लोगों और शिक्षा जगत से जुड़े लोगों ने बधाई दी है।

# निशांत कुमार का बड़ा बयान : 2005 से पहले बिहार में था दंगा और हिंसा का दौर, पिताजी ने बदली तस्वीर

**एजेंसी। पटना**

राम मनोहर लोहिया के तैलिय चित्र पर माल्यार्पण करने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार जनता दल यूनाईटेड (जेडीयू) के कार्यालय पहुंचे। जहां जेडीयू नेताओं और कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान निशांत कुमार ने 2005 से पहले की सरकार पर तंज कसा। कहा कि 2005 से पहले बिहार में कितना दंगा और हिंसा हुआ करता था जिसे रोकने का काम पिताजी ने किया। जेडीयू नेता निशांत कुमार जनता दल यूनाईटेड के दफ्तर पहुंचे। जहां जेडीयू नेताओं और कार्यकताओं के साथ करीब एक घंटे तक बैठक की। सरकार के स्वरूप और संगठन को लेकर चर्चा हुई। निशांत कुमार आज पहली बार ज्यादा समय तक मीडिया से बातचीत की। राम मनोहर लोहिया की तस्वीर पर माल्यार्पण किया और पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर उन्होंने लोहिया जी को याद किया। मीडिया से बातचीत करते हुए निशांत कुमार ने कहा कि पिताजी लोहिया जी को अपना गुरू समझते थे। उनके विचारधारा से




जुड़े रहे उन्हें आदर्श समझते थे। निशांत ने कहा कि एक बार गांधी मैदान में लोहिया जी की भाषण को पिता जी ने सुना और उनसे वो काफी प्रभावित हुए। तब से वो लोहिया जी के शिष्य बन गये। लोहिया जी का सिद्धांत रहा हैं कि नर-नारी समानता, जाति रंग का भेदभाव नहीं होना चाहिए, आर्थिक समानता और सत्य अहिंसा। लोहिया जी के इसी सिद्धांत को पिताजी ने अपनाया। जिसे जनता के हित के लिए राज्य में लागू किया। उन्होंने महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण दिये। पिता जी भी हर जाति के लोगों को साथ लेकर चले। पिता जी भी सत्य के रास्ते पर चले और सदा इमानदार रहे। उन्होंने कभी अहिंसा नहीं की। निशांत ने कहा कि जब उन्हें 2005 में सरकार मिली थी तब कितना दंगा होता था, जिसे रोकने का काम पिता जी ने किया। उन्होंने बिहार दिवस की बधाई और शुभकामनाएं प्रदेशवासियों को देते हुए कहा कि आज हम लोग बिहार दिवस मना रहे हैं। हमें बिहार की गौरवशाली इतिहास, समृद्धि और संस्कृति पर गर्व है।

## बिहार में अवैध खनन पर बड़ी कार्रवाई : पंचमहला से हथियारबंद दो अपराधी गिरफ्तार सोनू-मोनू गैंग से जुड़े तार

**एजेंसी। पटना**

बिहार के पटना जिले के बाढ़ अनुमंडल अंतर्गत पंचमहला क्षेत्र में अवैध बालू और पत्थर खनन के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में पुलिस ने अवैध खनन स्थल से दो कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से दो देशी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस को पिछले कुछ समय से लगातार सूचना मिल रही थी कि पंचमहला इलाके में अवैध खनन का काम जोरों पर चल रहा है। साथ ही कुछ अपराधी हथियार के बल पर इस अवैध कारोबार को संचालित कर रहे हैं और इलाके में अपना दबदबा बनाने की कोशिश कर रहे हैं। इन सूचनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने एक विशेष योजना के तहत छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस टीम ने मौके से दो युवकों को संदिग्ध स्थिति में पकड़ा। तलाशी लेने पर उनके पास से दो देशी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद हुए। इसके बाद दोनों को तत्काल हिरासत में लेकर थाना लाया गया, जहां उनसे पूछताछ की जा रही है। पंचमहला थानाध्यक्ष कुंदन कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपी कुख्यात सोनू-मोनू गिरोह के सक्रिय सदस्य हैं। यह गिरोह लंबे समय से अवैध खनन के धंधे में लिप्त है और क्षेत्र में वर्चस्व कायम करने के लिए हथियारों का इस्तेमाल करता रहा है। पुलिस के अनुसार, यह गिरोह अवैध रूप से बालू और पत्थर निकालकर उसका कारोबार करता है। इसके साथ ही अन्य लोगों को डराने-धमकाने और अपने प्रभाव को बनाए रखने के लिए आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देता है। गिरफ्तार अपराधियों से पूछताछ के दौरान गिरोह के अन्य सदस्यों और उनके नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस का कहना है कि इस कार्रवाई से अवैध खनन पर काफी हद तक रोक लगेगी और क्षेत्र में कानून व्यवस्था मजबूत होगी। साथ ही, गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है। पुलिस पूरे मामले की गहराई से जांच कर रही है और अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

# मोकामा के बाहुबली विधायक अनंत सिंह बेऊर जेल से रिहा, समर्थकों ने किया जोरदार स्वागत

**एजेंसी। पटना**

मोकामा के बाहुबली विधायक अनंत सिंह बेऊर जेल से बाहर निकले। जेल के बाहर खड़े समर्थक उन्हें देख अनंत सिंह जिंदाबाद के नारे लगाने लगे। समर्थकों ने माला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। पहले से जेल के बाहर खड़ी अपनी गाड़ी में बैठकर अनंत सिंह पटना आवास के लिए रवाना हो गये। जहां पहले से हजारों लोग उनके इंतजार में खड़े हैं। उनकी रिहाई को लेकर पटना आवास पर भोज का आयोजन किया गया है। हजारों कार्यकताओं के लिए खाना बनाया गया है। अभी अनंत सिंह पटना आवास पर ही रहेंगे। कल 24 मार्च को मोकामा के नदमा स्थित अपने गांव जाएंगे। इस दौरान भव्य रोड शो निकाला जाएगा। एअनंत सिंह के जेल से छूटने की खुशी में उनके आवास पर भोज का आयोजन किया गया है। हजारों लोगों के खाने की व्यवस्था की गयी है। इसे बनाने के लिए कई कारीगर लगे हुए हैं। बताया जाता है कि अनंत सिंह मंगलवार को पटना से बड़हिया के लिए प्रस्थान करेंगे और इस दौरान रास्ते में रोड शो होगा। अनंत सिंह बड़हिया के प्रसिद्ध महारानी स्थान में पूजा भी करेंगे। बता




दें कि छोटे सरकार के नाम से प्रसिद्ध अनंत सिंह को विधानसभा चुनाव के दौरान अरेस्ट किया गया था। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले दुलारचंद यादव हत्याकांड मामले में पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर बेऊर जेल भेजा था। यह घटना 30 अक्टूबर 2025 को हुई थी, जब चुनाव प्रचार के दौरान अनंत सिंह और जन सुराज पार्टी के उम्मीदवार पीयूष प्रियदर्शी के समर्थक मोकामा टाल में भिड़ गए थे। इस दौरान दुलारचंद यादव की हत्या कर दी गयी थी। दुलारचंद यादव मोकामा टाल के पुराने दबंग थे, पीयूष प्रियदर्शी का प्रचार कर रहे थे। जेल में रहते हुए भी अनंत सिंह ने जेडीयू प्रत्याशी के रुप में विधानसभा चुनाव लड़ा और जीत भी हासिल की। मोकामा के बाहुबली पूर्व सांसद सूरजभान सिंह की पत्नी वीणा देवी को उन्होंने हरा दिया। इससे पहले अनंत सिंह की पत्नी नीलम देवी मोकामा की विधायक थीं। नीलम देवी 2020 में लालू की पार्टी आरजेडी के टिकट पर चुनाव जीत चुकी थीं, लेकिन 2024 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के महागठबंधन से एनडीए में लौटने के बाद बहुमत परीक्षण के दौरान सत्ता पक्ष के साथ चली गयी। अनंत सिंह पिछले साल भी एक गोलीबारी मामले में गिरफ्तार हुए थे और कई महीने जेल में रहे। जेल से निकलने के बाद उन्होंने ऐलान किया था कि वह 2025 का चुनाव खुद लड़ेंगे। उन्होंने यह भी कहा था कि उनकी पत्नी ने जनता के काम को ठीक से नहीं संभाला, इसलिए वे खुद मोकामा की जनता की सेवा के लिए चुनाव लड़ेंगे।

# खरना के साथ शुरू हुआ आस्था का पर्व चैती छठ : 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू



**एजेंसी। पटना**

लोक आस्था के महापर्व चैती छठ का दूसरा दिन सोमवार को श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। इस दिन खरना का व्रत संपन्न हुआ और इसके साथ ही व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो गया। चार दिनों तक चलने वाले इस महापर्व का आज दूसरा दिन था। पहले दिन नहाय-खाय से शुरू हुए इस अनुष्ठान के बाद व्रतियों ने दूसरे दिन पूरे दिन उपवास रखा। शाम को व्रतियों ने अपने कुल देवता और छठी मैया की पूजा-अर्चना की और प्रसाद तैयार किया। खरना के दिन व्रतियों ने मिट्टी के नए चूल्हे पर आम की लकड़ी जलाकर गुड़ की खीर और गेहूं की रोटी का प्रसाद बनाया। सूर्यास्त के बाद भगवान भास्कर का ध्यान करते हुए विधि-विधान से पूजा की गई और प्रसाद ग्रहण किया गया। प्रसाद ग्रहण करने के साथ ही 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो गया। खरना के बाद व्रती और उनके परिवार के लोग आगे की तैयारी में जुट गए हैं। मंगलवार की शाम को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। यह छठ पूजा का सबसे कठिन चरण माना जाता है। छठ व्रत करने वाली महिला श्रद्धालुओं का कहना है कि यह व्रत बहुत खास और पवित्र होता है। छठी मैया अपने भक्तों पर कृपा बनाए रखती हैं। इसी वजह से यह पर्व अब बिहार से निकलकर पूरे देश और दुनिया में मनाया जाने लगा है। श्रद्धालुओं का मानना है कि छठी मैया और भगवान भास्कर अपने भक्तों के दुख दूर करते हैं और उनकी मनोकामनाएं पूरी करते हैं।

### खरना कैसे करते हैं

छठ पर्व के दूसरे दिन यानी खरना पर शुद्धता और पवित्रता का विशेष ध्यान रखना होता है. सुबह-सवेरे स्नान करने के बाद व्रती पूरे दिन के उपवास का संकल्प लेती है. पूजा की तैयारी के लिए सभी चीजें जैसे खीर का प्रसाद, मीठी रोटी, फल आदि की तैयारी की जाती है. शाम होते ही छठी मईया की पूजा की जाती है और सबसे पहले उन्हें भोग लगाया जाता है. इसके बाद व्रती प्रसाद ग्रहण करती है और फिर परिवार के अन्य लोग भी प्रसाद का भोग ग्रहण करते हैं. खरना करने के बाद 36 घंटे के निर्जला व्रत की शुरूआत भी हो जाती है. खरना के बाद से लेकर ऊषा अर्घ्य तक व्रती अन्न-जल का बूंद भी ग्रहण नहीं करती. खरना के बाद व्रती सीधे 25 मार्च 2026 को पारण करेंगी. इसलिए छठ को हिंदू धर्म के सबसे कठिन व्रतों में एक माना जाता है. छठ प्रकृति और सूर्य उपासना का पर्व है, जो अनुशासन, संयम, पवित्रता, शुद्धता और आस्था का अनूठा संगम है. छठ के दौरान व्रती कठिन तपस्या के माध्यम से सूर्य देव और छठी मैया से अपने परिवार की खुशहाली की कामना करती हैं. खरना के बाद चैती छठ के तीसरे दिन अस्ताचलगामी सूर्य यानी डूबते हुए सूर्य को और चौथे दिन उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दिए जाने की परंपरा है. इस दौरान व्रतधारी पूरे विधि-विधान के साथ नदी, घाट या सरोवर पर पहुंचकर सूर्य देव और छठी मईया की पूजा करते हैं. कई लोग घर के छत या आंगन में भी किसी बाथटब या घेरा बनाकर जलभराव कर छठ पूजा करते हैं. पूजा के लिए बांस के सूप या दउरा में ठेकुआ, मौसमी फल, फूल, नारियल, गन्ना और अन्य सामग्री सजाई जाती है. अर्घ्य देते समय व्रती कमर तक पानी में खड़े होकर सूर्य को जल-दूध से अर्घ्य देती है. उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद चार दिवसीय छठ पर्व का समापन हो जाता है.

# मुंगेर की खुशी पांडेय बनी इंटरमीडिएट 2026 जिला टॉपर, हासिल किए 93.60% अंक

**एजेंसी। मुंगेर**

मुंगेर में एक किसान की बेटी ने इंटरमीडिएट 2026 परीक्षा में इतिहास रच दिया है। खुशी पांडेय ने 93.60 प्रतिशत अंक लाकर पूरे जिले में ओवरऑल टॉप किया है। खास बात यह है कि इस साल टॉप-10 में लड़कियों का दबदबा देखने को मिला है। मुंगेर जिले के बासुदेवपुर की रहने वाले पिता सचिदानंद पांडेय और माता मीना देवी की पांच बच्चों में सबसे छोटी बेटी खुशी पांडेय ने कला संकाय में 93.60 प्रतिशत अंक हासिल कर ओवरऑल जिला टॉपर बनी है। इस साल इंटर रिजल्ट में जिले के टॉप-10 में 7 स्थानों पर लड़कियों ने कब्जा जमाया है। विज्ञान संकाय में साक्षी कुमारी और वाणिज्य में पंकज कुमार ने भी पहला स्थान हासिल किया है। साधारण किसान परिवार से आने वाली खुशी ने अपनी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है। खुशी ने अपनी शुरूआती पढ़ाई मानव भारतीय नेशनल स्कूल बासुदेवपुर से की, जबकि मैट्रिक और इंटर की पढ़ाई चंद्रशेखर बालिका +2 विद्यालय बासुदेवपुर से पूरी की। तीन बहनों और दो भाइयों में सबसे छोटी खुशी के पिता किसान हैं और मां गृहिणी हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद परिवार ने उसकी पढ़ाई में पूरा सहयोग दिया। खुशी पांडेय ने बताया कि मैं आगे चलकर संस्कृत की शिक्षक बनना चाहती हूं। हमारे स्कूल में संस्कृत शिक्षक नहीं थे, इसलिए मैंने ठान लिया कि मैं खुद शिक्षक बनकर बच्चों को पढ़ाऊंगी।